गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल ने भिलाई निगम के मुख्यालय में किया ध्वजारोहण, शान से लहराया तिरंगा

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को किया सम्मानित

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित अनुविभाग कार्यालयों में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यालय में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण महापौर नीरज पाल ने किया। इससे पूर्व भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे , सभापति गिरवर बंटी साहू , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता यूके धलेंद्र , उपायुक्त सुनील अग्रहरि , महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर , मन्नान गफ्फार खान , संदीप निरंकारी , साकेत चंद्राकर , केशव चौबे , सीजू एंथोनी , लक्ष्मीपति राजू, लाल चंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, आदित्य सिंह, मालती ठाकुर, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा मौजूद रहे। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे और सभापति गिरवर बंटी साहू ने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। अनुविभाग कार्यालयों में प्रातः 7:30 बजे जोन अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू , रामानंद मौर्या, संतोष नाथ सिंह जालंधर , भूपेंद्र यादव एवं राजेश चौधरी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समस्त क्षेत्रों में साफ सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। निगम के कार्यालयों में सफाई के साथ-साथ चूना मार्किंग की गई साथ ही रंगाई/पुताई कार्य भी किया गया , सप्ताह भर पहले से गणतंत्र दिवस के लिए तैयारियां निगम द्वारा प्रारंभ कर दी गई थी। निगम के कार्यालयों में रात्रि कालीन प्रकाश व्यवस्था भी किया गया था , चौक-चौराहों में महापुरुषों की प्रतिमाओं के माल्यार्पण के लिए तैयारियां की गई थी आसपास सफाई भी कराई गई। मुख्य कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर , शरद दुबे, पुरुषोत्तम साहू विभाग प्रमुख सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शहीद गार्डन में विधायक एवं महापौर ने किया ध्वजारोहण नगर निगम मुख्य कार्यालय एवं यूनियन कार्यालय के साथ ही शहीद गार्डन में आज ध्वजारोहण किया गया। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने शहीद गार्डन सेक्टर 5 पहुंचकर ध्वजारोहण किया। प्रात: से ही देश भक्ति गीत से गार्डन गूंज रहा था , गार्डन में घूमने आने वाले परिवारों ने भी ध्वजारोहण में हिस्सा लिया और उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस की एक दूसरे को बधाई दी। उत्कृष्ट कार्यो के लिए इन कर्मचारियों को महापौर ने किया सम्मानित अलग-अलग क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल , आयुक्त प्रकाश सर्वे, सभापति गिरवर बंटी साहू , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी तथा उपायुक्त सुनील अग्रहरि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वही समाज कल्याण विभाग की योजना के तहत एक दिव्यांग को ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। अधिकारी/कर्मचारियों में सम्मान प्राप्त करने वालों में उपायुक्त सुनील अग्रहरि, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा, प्रीति

सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता सुनील दुबे, भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, सचिव जीवन लाल वर्मा, अधीक्षक तुलसी वृन्दा देवांगन, सहा.ग्रेड.02 रीता चतुर्वेदी, सहा.ग्रेड.02 बीएल कोसरे, सहा.ग्रेड.02 नसरूननिशा, डाटा एंट्री आपरेटर ओंकार यादव, डाटा एंट्री आपरेटर मीना मानकर , प्रभारी लिपिक संतोष पाण्डे, प्रभारी लिपिक दिनेश बेलचंदन, सहा.ग्रेड.02 नरेन्द्र कुमार रामटेके, डाटा एंट्री आपरेटर राजकुमार सच्चर , सहा.ग्रेड.02 अजय शुक्ला , सहा.ग्रेड.02 संध्या कोरडे, सर्वेयर सुनील निमाड़े , दफतरी ईश्वर चन्द्राकर , स्वच्छता निरीक्षक फणीन्द्र बोस , सामुदायिक संगठिका सुलोचना धनकर , सामुदायिक संगठिका रश्मि त्रिपाठी , सामुदायिक संगठिका रमा शर्मा, कंप्यूटर आपरेटर प्रज्ञा ठाकुर, कंप्यूटर आपरेटर गजेन्द्र कुमार, कंप्यूटर आपरेटर भानूप्रताप, कंप्यूटर आपरेटर सुदेश दास मानिकपुरी , कंप्यूटर आपरेटर रतन पात्रो , कंप्यूटर आपरेटर मुकेश चैबे , कंप्यूटर आपरेटर डागेन्द्र कुमार , कंप्यूटर आपरेटर पोषण लाल जंघेल , कंप्यूटर आपरेटर राजेश हियान, कंप्यूटर आपरेटर योगेश वर्मा, कंप्यूटर आपरेटर गंगेश्वर साहू, कंप्यूटर आपरेटर भूपेन्द्र साहू, कंप्यूटर आपरेटर संदीप नायक , कंप्यूटर आपरेटर प्रमोद मानिकपुरी , उपअभियंता अर्पित बंजारे, सहा.रा.नि. मलखान सिंह शोरी , सहा.ग्रेड.02 भूपेश्वर देशमुख, उपअभियंता मो. वसीम खान , उपअभियंता श्वेता महिश्वर, सहा. रा. नि. शशांक शेखर सिंह , स्वच्छता पर्यवेक्षक हेमंत मांझी, प्र.जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पाण्डेय , प्र.जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना , प्र.जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, पीएमयू हरिश ठाकुर, पीआईयू अभिनव ठोकने, पीआईयू शुभम पाटनी शामिल रहे।